# वार्षिक रिपोर्ट

## 2018-19



# निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व एवं संधारणीयता

# शिक्षा में अवसंरचनात्मक सुधार





डीएवी- पुलिस पब्लिक स्कूल - फरीदाबाद




सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल - पावटा




सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल - क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत




केंद्रीय विदयालय सं. 3 - फरीदाबाद

# संदेश



मुझे निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए और इसके लिए निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने हेतु खुले दिल से काम करने के लिए आपकी निरंतर सहायता, उत्साह और प्रतिबद्धता का आभार व्यक्त करने का अवसर मिला है। जिस समुदाय की हम सेवा करते हैं, उसके दीर्घावधिक मूल्यों पर सुनिश्चित प्रभाव डालने के हमारे इरादे के अनुसार ही हमारी कार्रवाई रही है। सीएसआर, हमारे कार्यबल और उनके परिवारजनों तथा साथ ही व्यापक स्थानीय समुदाय और सोसाइटी के जीवनयापन स्तर में सुधार लाकर नैतिकता का व्यवहार करने और आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए कारोबारी प्रतिबद्धता को जारी रखना है।

हमारे नागरिक सुविधा कार्यक्रमों से गांवों की बुनियादी अवसंरचना में सुधारा आता है - जैसे पेयजल आपूर्ति और स्वास्थ्य कार्यक्रम - हमने स्कूलों को सुधारने में और मेधावी छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान करके पूर्ण सहायता प्रदान की है। उदाहरण के लिए, इस वर्ष, हमने स्वास्थ्य, शिक्षा कौशल विकास, स्वच्छ भारत, पर्यावरण, ग्रामीण विकास और खेलों के महत्वपूर्ण अभिज्ञात क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर को प्रभावित किया है। हमने अपनी उपलब्धियों में तेजी और स्फूर्ति लाने के लिए अपने दृष्टिकोण को सरल बनाया है।

इस प्रक्रिया को समावेशी बनाने के लिए, हमने समुदाय के सदस्यों से फीडबैक मांगे हैं, जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले शैक्षणिक संस्थानों/एजेंसियों के साथ सहयोग किया है और कारपोरेट की व्यवस्था का विस्तार किया है। हर क्षेत्र से हमारे लगभग आधे लाभार्थी सामाजिक रूप से वंचित तबके से संबंध रखते हैं और हमने उनके जीवन स्तर में लाकर दिखाया है।

मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हम अपनी सीएसआर क्रियाकलापों को ठीक उसी तरह से कार्यान्वित कर रहे हैं, जैसा कि सरकारी दिशानिर्देशों में उल्लिखित है और हम कई मंचों पर इस अनुभव को साझा कर रहे हैं। मुझे इस बात की भी खुशी है कि सीएसआर एवं एसडी प्रभाग, कॉर्पोरेट कार्यालय ने वर्ष 2018-2019 के लिए सीएसआर क्रियाकलापों का सफल दस्तावेजीकरण किया है

हम खुले दिल से एक-दूसरे का आदर और ख्याल रखते हैं, जिससे हमारे कर्मचारियों सीखने और तेजी से उन्नति करने के अवसर मिलते हैं। हमारी प्रतिबद्धताएं हमेशा ही राष्ट्र और समाज की बेहतरी के लिए रहेंगी।



**(बलराज जोशी)**

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

# संदेश



एनएचपीसी के सामाजिक निर्माण और सशक्तिकरण कार्यक्रम सामाजिक पूंजी में वृद्धि करते हैं और जिम्मेदार नागरिकता का निर्माण करते हैं। हमारी शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी पहल से शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार लाकर मानव पूंजी में वृद्धि होती है। हमारे नागरिक सुविधा कार्यक्रम आधारभूत ग्रामीण अवसंरचना में सुधार लाते हैं - जैसे पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य और सफाई। हमने स्कूलों में सुधार लाकर और मेधावी छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान करके शिक्षा के लिए पूर्ण सहायता प्रदान की है। हम विकासात्मक लक्ष्यों के प्रति वचनबद्ध हैं और उसके लिए योगदान करते हैं। हमारा ध्यान हमेशा ही व्यापक रूप में समाज, पर्यावरण, ग्रामीण विकास के लिए मूल्यवर्धन करने पर रहा है।

एक सीएसआर विजन के रूप में "लोगों, वैश्विक संगठनात्मक लक्ष्यों और विकास को ध्यान में रखते हुए सतत विकास और समावेशी उन्नति के लिए योगदान देना"। एनएचपीसी ने हमारी परियोजनाओं में और उसके आसपास, दूरस्थ स्थित और अगम्य स्थानों पर रह रहे अधिकांशतः वंचित लोगों के जीवन स्तर, समुदाय जीवन स्तर, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, ग्रामीण विकास, पर्यावरण संधारणीयता, महिला सशक्तिकरण, खेल, कला एवं संस्कृति आदि के लिए सुधार हेतु अनेक सीएसआर कार्यक्रम शुरू किए हैं और कार्यान्वित किए हैं। हमारी संस्कृति ने हमें विकास की सोच के साथ मिशन को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाया है। सीखने और कुछ नया करने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है।

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, हमारे संगठन ने एक कदम और आगे बढ़ाया जब एनएचपीसी ने जम्मू-कश्मीर में 3000 युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक प्रशिक्षण चलाने हेतु राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और राष्ट्रीय कौशल विकास कोष (एनएसडीएफ) के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एनएचपीसी लिमिटेड ने एनएचएफडीसी के साथ भी 1000 दिव्यांगों (पीडब्ल्यूडी)/दिव्यांगजनों के लिए रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

मैं हमेशा ही इस बात की सराहना करता हूं कि हम मिलकर किस प्रकार, चुनौतीपूर्ण समय सीमाओं के बावजूद विकास के लिए विशाल प्रयास करते हैं। मैं सीएसआर एवं एसडी प्रभाग को समय पर समन्वय, पारदर्शी संचार, सकारात्मकता और नैतिक अनुपालन प्रक्रियाओं के लिए बधाई देता हूं।

निखिल जैन

**(एन. के. जैन)**
निदेशक (कार्मिक)

# संदेश



सीएसआर हमेशा हमारी संस्कृति के स्तंभों में से एक रहा है, और मुझे हमारे कार्यक्रमों के प्रभाव पर बहुत गर्व है। समाज, पर्यावरण और हमारे व्यवसाय के लिए मूल्य बनाने पर हमारा ध्यान हमारी प्रतिबद्धताओं की लंबाई और चौड़ाई परिलक्षित होता है। हमारे मूल्य कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर केंद्रित हैं।

एनएचपीसी सीएसआर एवं एसडी विभाग, वर्ष 2018-19 की वार्षिक रिपोर्ट को शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवा, ग्रामीण विकास, स्वडॅछता और महिला सशक्तिकरण आदि क्षेत्रों में लाने के लिए प्रसन्न है।

मैं श्री बलराज जोशी, हमारे योग्य अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और सीएसआर और सतत विकास पर निदेशकों की समिति के सदस्यों का सीएसआर और एसडी पहल के कार्यान्वयन में उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

यहाँ चुनौतियाँ हैं और हम इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए लगन से काम करते हैं। सहयोग हमारे दृष्टिकोण में केंद्रित है। हमारा लक्ष्य चुनौतीपूर्ण मुद्दों से निपटना है, हमारी संचार प्रक्रियाओं को सरल बनाना है, सभी को समान रूप से पकड़ना है, और हमारे सभी कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सशक्त बनाना है। हमारी प्रतिष्ठा हमें दीर्घकालिक, विश्वसनीय रिश्तों का निर्माण करने में नैतिक रूप से व्यवहार करने के लिए सक्षम बनाती है।

संगठनों के भीतर सीएसआर की स्थिति दान से हटकर कंपनी की सतत विकास रणनीति का एक अभिन्न अंग है। कार्रवाई मूल्यों और सिद्धांतों द्वारा संचालित होती है, जो संगठन के सभी स्तरों पर प्रबलित होती हैं। ये सिद्धांत भविष्य में भी कंपनी के मार्गदर्शक बल बने रहेंगे।


इस वार्षिक रिपोर्ट को विस्तृत तरीके से प्रस्तुत करने के लिए सीएसआर एवं एसडी विभाग को मेरी शुभकामनाएं।



**अनुराग श्रीवास्वत**
कार्यकारी निदेशक (सीएसआर एवं एसडी)

## विषय सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1. | परिचय | - |
| 2. | विगत वर्षों में सीएसआर निधि का आवंटन और व्यय | - |
| 3. | राज्य-वार और क्षेत्र-वार व्यय | - |
| 4. | चिकित्सा शिविरों का आयोजन | - |
| 5. | सीएसआर पहलें | - |
| 6. | सीएसआर एवं एसडी क्रियाकलापों की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट | - |
| 7. | सीएसआर एवं एसडी क्रियाकलापों के संबंध में निधियों का आबंटन और व्यय | - |




*गांव आस, जिला रियासी (जम्मू-कश्मीर) के गैर-विद्युतीकृत क्षेत्रों में सलाल पावर स्टेशन द्वारा सोलर लाइट लगाना*

**परिचय**

- एनएचपीसी सभी हितधारकों का विश्वास और भरोसा हासिल करने के लिए एक सामाजिक रूप से जिम्मेदार तरीके से अपना कारोबार कर रहा है।
- एनएचपीसी अपने प्रचालनों एवं क्रियाकलापों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित व्यक्तियों सहित प्रमुख हितधारकों के सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय सरोकारों का समाधान करके सीएसआर के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**एनएचपीसी का दृष्टिकोण**

दक्ष, उत्तरदायी और नवाचारी मूल्यों के माध्यम से स्वच्छ विद्युत के संधारणीय विकास हेतु एक वैश्विक रूप से अग्रणी संगठन बनना।

**एनएचपीसी का सीएसआर दृष्टिकोण**

लोगों, विश्व और भलाई को ध्यान में रखते हुए सतत विकास और समावेशी विकास के लिए योगदान करना।

**एनएचपीसी का लक्ष्य**

- ❖ अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार स्वच्छ विद्युत के विकास में उत्कृष्टता प्राप्त करना।
- ❖ पर्यावरण के अनुकूल और सामाजिकआर्थिक रूप से उत्तर-दायी तरीके से कुशल और दक्ष अनुबंध प्रबंधन और नवीन अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से परियोजनाओं को निष्पादित और प्रचालित करना।
- ❖ मानव पूंजी की पूर्ण संभाव्यता का लाभ लेने के लिए उसे विकसित, पोषित तथा सशक्त बनाना।
- ❖ एक सशक्त कारपोरेट पहचान बनाने के लिए कारपोरेट अभिशासन की सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों और दक्ष मूल्य आधारित प्रबंधन को अपनाना तथा कर्मचारियों, ग्राहकों, पर्यावरण, तथा समाज के लिए अधिक सरोकार रखना।
- ❖ प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से नवाचारी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाना और प्राकृतिक संसाधनों का इष्टतम उपयोग करना।

**एनएचपीसी का सीएसआर लक्ष्य**

- ❖ व्यापक रूप से समाज के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध, सामाजिक रूप से जिम्मेदार निगमित कंपनी बनना।
- ❖ जिन समुदायों के साथ हम अनुबंधित हैं, उनके लिए सुविधाएं सृजित एवं विकसित करना।
- ❖ सभी हितधारकों के साझा और एकीकृत प्रयासों से आर्थिक, पर्यावरणीय और कल्याणकारी विकास उद्देश्यों को संतुलित करना।
- ❖ हमारे सीएसआर क्रियाकलापों के महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं:
    - समाज में मौजूद असमानताओं को कम करना।
    - समाज के उपेक्षित और वंचित तबके के लोगों के बीच क्रियाकलापों पर बल।
    - सर्वसमावेशी सामाजिक विकास हस्तक्षेप करना।
    - ग्रामीण अवसंरना में मौजूद खामियों को दूर करना।
    - सतत् प्रक्रियाओं का प्रसार करना।
    - बुनियादी और उच्चतर शिक्षा की मजबूती के संबंध में संकेंद्रित प्रयास करना।
    - युवाओं को कौशल और लाभकारी प्रशिक्षण देना
    - चिकित्सा सुविधाएं सुलभ कराना।
    - देश के अगम्य स्थानों तक भारत सरकार के मिशनों का प्रचार-प्रसार करना।
    - महिला सशक्तिकरण करना।

**सीएसआर क्रियाकलापों का चयन**

- क्रियाकलापों का चयन अधिनियम की अनुसूची VII के अनुसार किया जाएगा।
- स्थानीय क्षेत्र को वरीयता - 80% आवंटन
- जरूरतों के आधार पर और राष्ट्रीय योजनाओं के संबंध में सरकारी निर्देशों के अनुसार अन्य स्थानों का चयन किया जाएगा।
- प्राप्त प्रस्तावों को संकलित किया जाता है और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-VII के अनुसार तथा धनराशि की उपलब्धता के अनुसार आगे छानबीन की जाती है। 11 मानदंड पैमाने पर सीएसआर प्रस्तावों का चयन करने की सुविधा के लिए मापदंड को अंतिम रूप दिया गया है।
- इन प्रस्तावों का शुरू में एक महाप्रबंधक स्तर की समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाता है और उसके बाद सीएसआर एवं संधारणीयता संबंधी निदेशकों की समिति के विचारार्थ सिफारिश की जाती है।
- प्रस्तावों की मेरिट के आधार पर ही चयन किया जाता है।

**सीएसआर क्रियाकलापों की मॉनीटरिंग और मूल्यांकन**

- निगम के सीएसआर और संधारणीयता क्रियाकलापों के कार्यान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन के लिए संस्थागत व्यवस्था मौजूद है।
- एनएचपीसी में सीएसआर योजनाओं/क्रियाकलापों के कार्यान्वयन, निगरानी और प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए 03 स्तरीय प्रबंधन संरचना इस प्रकार है:
  - i) एक स्वतंत्र निदेशक की अध्यक्षता में सीएसआर संबंधी बोर्ड स्तरीय समिति
  - ii) कार्यकारी निदेशक के पद के नोडल अधिकारी, जिसकी सहायता के लिए उनकी टीम
  - iii) कार्यान्वयन और निगरानी के लिए क्षेत्रीय ईडी/परियोजना प्रमुख/इकाई प्रमुख और उनकी टीम
- प्रत्येक स्थान पर कार्यान्वयन के अंतर्गत सीएसआर एवं संधारणीयता योजनाओं की प्रगति की सूचना मासिक आधार पर यूनिट प्रमुख द्वारा कारपोरेट कार्यालय में नोडल अधिकारी को दी जाती है।
- कार्यों की प्रगति दर्शाने के लिए फोटोग्राफ/वीडियो के साथ-साथ रिकॉर्ड का रख-रखाव किया जा रहा है।
- सीएसआर समिति और एनएचपीसी बोर्ड द्वारा सीएसआर एवं संधारणीयता क्रियाकलापों के कार्यान्वयन की प्रगति के संबंध में तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की जाती है।

## विगत वर्षों में सीएसआर निधि आवंटन और व्यय

| क्रम सं. | वर्ष | लाभ के प्रतिशत के रूप में आवंटन का आधार | अनिवार्य निधि आवंटन (करोड़ रु. में) | आबंटित कुल निधि (करोड़ रु. में) | वास्तविक व्यय (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2014-15 | विगत तीन वर्षों के औसत निवल लाभ का 2% | 47.64 | 65.57 | 52.24 |
| 2. | 2015-16 | विगत तीन वर्षों के औसत निवल लाभ का 2% | 43.28 | 96.36 | 72.68 |
| 3. | 2016-17 | विगत तीन वर्षों के औसत निवल लाभ का 2% | 44.23 | 109.43 | 75.82 |
| 4. | 2017-18 | विगत तीन वर्षों के औसत निवल लाभ का 2% | 59.52 | 59.52 | 38.55 |
| 5. | 2018-19 | विगत तीन वर्षों के औसत निवल लाभ का 2% | 60.03 | 81 | 27.16 |



*बैरासीउल पावर स्टेशन, सुरंगगनी, चंबा (हि.प्र.) में एनएचपीसी स्कॉलरशिप अवार्ड स्कीम के अंतर्गत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उच्चतर अध्ययन के लिए छात्रवृति प्रदान करना।*

## वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान सीएसआर एवं संधारणीयता पर राज्य-वार और क्षेत्र-वार व्यय

राशि लाख रुपये में

| क्रम सं. | राज्य | शिक्षा | स्वास्थ्य | ग्रामीण विकास | महिला सशक्तिकरण | पर्यावरण | क्षमता निर्माण | कला एवं संस्कृति | खेल-कूद | एसबीए+एसवीए | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जम्मू व कश्मीर | 36.74 | 78.95 | 122.69 | | 11.58 | 3.4 | 3.52 | 5.67 | 106.54 | 369.09 |
| 2 | हिमाचल प्रदेश | 23.68 | 60.02 | 44.18 | | 13.08 | 4.91 | | 2.85 | 2.04 | 155.76 |
| 3 | उत्तराखंड | 4.23 | 18.74 | 10.13 | 4.17 | 2.01 | | | 1 | | 40.28 |
| 4 | पश्चिम बंगाल | 13.44 | 23.23 | 34.3 | | 3.6 | | | | 0.3 | 74.87 |
| 5 | सिक्किम | 24.88 | 19.33 | 3.28 | 2.96 | | | | | 9.53 | 59.98 |
| 6 | मणिपुर | 22.95 | 15.32 | 33.9 | | | | | | 5.62 | 77.79 |
| 7 | असम | 5.2 | 417.58 | | | 17.11 | | 11.18 | 4.18 | 1.47 | 456.72 |
| 8 | अरुणाचल प्रदेश | 84.57 | 19.55 | 38.83 | 14.16 | | | 3.91 | 14.93 | 20.27 | 196.22 |
| 9 | हरियाणा | 594.06 | 194.65 | 144.32 | | 77.27 | 2.55 | | | 65.75 | 1078.6 |
| 10 | बिहार | | | 206.83 | | | | | | | 206.83 |
| | कुल जोड़ | 814.75 | 847.37 | 638.46 | 21.29 | 124.65 | 10.86 | 18.61 | 28.63 | 211.52 | 2716.14 |

टिप्पणीः 2716.14 लाख रुपये के कुल व्यय में, हमारे स्थानों में सीएसार पहल के रूप में भुगतान किए गए 958.11 लाख रुपये की अग्रिम राशि शामिल है।



*आरओ आधारित पेयजल और स्वच्छता परिसर उपलब्ध कराना*



*कलश-स्वच्छ पेयजल योजना*




*एमएमयू स्वास्थ्य देखभाल सीएसआर सहायता*



*शैक्षणिक संवर्धन*

## एनएचपीसी के विभिन्न स्थानों पर चिकित्सा शिविरों का आयोजन








### 330 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**चंबा।** एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत ने कारपोरेट उत्तरदायित्व व सतत विकास योजना के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत लक्कड़मंडी में राजकीय प्राथमिक पाठशाला प्रांगण में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। कार्यपालक निदेशक रूपक जैन और उनकी पत्नी रीता जैन ने चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। रूपक जैन ने छात्रों व स्थानीय ग्रामीणों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने का आह्वान किया। क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुलक तरफदार और मेडिकल स्टाफ ने करीब 330 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। 70 लोगों की आंखों की जांच, 40 मरीजों का बीपी, 50 मरीजों का हीमोग्लोबिन व 60 स्काबिज मरीजों की जांच की गई। इसके अलावा ईसीजी, शुगर जांच तथा डायग्नोस्टिक परीक्षण कर मरीजों को निःशुल्क दवाइयां दी गईं। इस अवसर पर राजन जैरथ मुख्य अभियंता, प्रभाकर दास प्रमुख, जॉन एयू बैंक प्रमुख, एके जैन वरिष्ठ प्रबंधक, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. विजय, डॉ. जोगिंदर भूरी, ग्राम पंचायत लक्कमंडी की प्रधान रेखा देवी, श्याम लाल मौजूद रहे। ब्यूरो












क्षेत्रीय कार्यालय जम्मू में चिकित्सा शिविर

बैरासिउल पावर स्टेशन द्वारा चिकित्सा शिविर






कलसुइन- चमेरा-II में चिकित्सा शिविर

जंबूर्तन-उरी में चिकित्सा शिविर





इथाई (लोकतक पावर स्टेशन) में चिकित्सा शिविर

## जिया गांव में एनएचपीसी, (दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना) द्वारा प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक उपकरणों का वितरण













निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर





टनकपुर पावर स्टेशन - उत्तराखंड द्वारा निःशुल्क जांच शिविर




बीपीएचसी, रामबी कलिम्पोंग, जिला दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) के लिए एक एम्बुलेंस प्रदान करना






ग्राम बिड्डा, जिला रियासी (जम्मू-कश्मीर) में सलाल पीएस द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर

कालका- चमेरा-II में चिकित्सा शिविर







नाज़ोक प्राइमरी स्कूल टीएलडी-III पीएस रामबी (डब्ल्यूबी) में चिकित्सा शिविर





लोकतक पावर स्टेशन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

## सीएसआर पहलें




**किशनगंगा पावर स्टेशन द्वारा - बांदीपोरा जिला (जम्मू और कश्मीर) में सौर स्ट्रीट लाइट**

## एनएसडीसी के माध्यम से रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक प्रशिक्षण/कौशल विकास

- वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान 3000 युवाओं को रोजगार कौशलों में रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- विभिन्न स्थानों पर विभिन्न जॉब कार्यों में 3019 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया और 1680 युवाओं को प्लेसमेंट मिला है।
- परियोजना लागत: 5.73 करोड़ रुपये
- प्रशिक्षण के स्थान:
- जम्मू और कश्मीर (बारामूला, बांदीपोरा, कठुआ और किश्तवाड़), हिमाचल प्रदेश (चंबा, कुल्लू और मंडी), पश्चिम बंगाल (जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग), असम (लखीमपुर और सोनितपुर), अरुणाचल प्रदेश (ईटानगर और जीरो) उत्तराखंड (पिथौरागढ़ और चंपावत), सिक्किम और तमिलनाडु (डिंडीगुल)
- जॉब कार्यों में सिलाई मशीन ऑपरेटर, कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव (कॉल सेंटर) - टेलीकॉम, एफ एंड बी सेवा: स्टीवर्ड, रिटेल सेल्स एसोसिएट, फ्रंट ऑफिस एसोसिएट, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, ट्रैवल कंसल्टेंट, रूम अटेंडेंट, सहायक ब्यूटी थेरेपिस्ट, ऑर्गेनिक ग्रोअर, स्व-रोजगार प्राप्त टेलर, मीट एंड ग्रीट ऑफिसर, हैंड एम्ब्रायोडर, सहायक तकनीशियन - स्ट्रीट लाइटिंग सॉल्यूशंस (संस्थापना और रखरखाव) शामिल हैं।




कुल्लू, हिमाचल प्रदेश में



चंबा, हिमाचल प्रदेश में



सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल में



डिंडीगुल, तमिलनाडु में

# एनएसडीसी के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर कौशल विकास प्रशिक्षण




*बांदीपोरा, जम्मू व कश्मीर में*




*बारामूला, जम्मू व कश्मीर में*




*धूपगुड़ी, जिला जलपाईगुड़ी, पश्चिम बंगाल में*





चंबा, हिमाचल प्रदेश में




मंडी, हिमाचल प्रदेश में




डिंडीगुल, तमिलनाडु में





डिंडीगुल, तमिलनाडु में

## 1000 दिव्यांगजनों के लिए कौशल विकास

**कार्यान्वयन भागीदार: राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम (एनएचएफडीसी)**

कार्यान्वयन के स्थान: जम्मू-कश्मीर (बारामूला, जम्मू, रियासी, कठुआ), हिमाचल प्रदेश (चंबा, मंडी, कुल्लू), उत्तराखंड (टिहरी गढ़वाल), पश्चिम बंगाल (सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग)।

- **प्रशिक्षण के ट्रेड:** सिलाई मशीन ऑपरेटर, हैंड एम्ब्रायोडर, स्वरोजगार प्राप्त टेलर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, बांस की टोकरी बनाना, बांस की मेट के बुनकर, अगरबत्ती बनाना।
- **स्थिति :** प्रगति पर
- **परियोजना लागत :** 2.646 करोड़ रुपये

**परिणाम/सुपुर्दगी/मूल्य वृद्धि:**

- लाभार्थी की पहचान से लेकर अंत तक प्रशिक्षण, प्रशिक्षण प्लेसमेंट अथवा स्वरोजगार उद्यम की स्थापना के लिए आसान शर्तों पर/उदार ऋणों के संबंध में वित्तपोषण।
- दिव्यांगजनों के लिए मजदूरी/स्वरोजगार में न्यूनतम 30% सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्लेसमेंट

### एनएचएफडीसी के माध्यम से बारामूला और मंडी में दिव्यांगजनों के लिए कौशल विकास (2018-19)




**बारामुला**



**मंडी**




**दार्जिलिंग**



**सिलीगुड़ी**

## दिव्यांगजनों को सहायता और सहायक उपकरणों का वितरण

- एनएचपीसी ने 22.45 लाख रुपये की वित्त व्यवस्था से जम्मू व कश्मीर राज्य में बारामुला/ उरी में सहायता और सहायक उपकरणों के जरूरतमंद पीडब्ल्यूडी की पहचान के लिए शिविरों के प्रबंधन हेतु 3 अगस्त, 2018 को अलीमको के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- बारामूला/उरी में आकलन शिविर लगाया गया और ऐसे 202 दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) की पहचान की, जिन्हें सहायता और सहायक उपकरणों की आवश्यकता थी।
- माननीय सांसद बारामूला, जिला प्रशासन बारामूला, सीजीएम-एनएचपीसी, और एनएचपीसी तथा अलीमको के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में दिनांक 06.02.2019 को 395 उपकरणों का वितरण किया।
- एनएचपीसी ने हिमाचल प्रदेश राज्य में चम्बा जिले में और पश्चिम सिक्किम में दिव्यांगजनों को मदद और सहायक उपकरणों के वितरण के लिए अलीमको के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।



**बीआरआरपी पटना**




*चारघाट (शाहपुर ब्लॉक) पीसीसी रोड-पूरा किया गया*




*ईश्वरपुरा (शाहपुर ब्लॉक) पीसीसी रोड-पूरा किया गया*







धामवाल (शाहपुर ब्लॉक) पीसीसी रोड-पूरा किया गया







चनौर (शाहपुर ब्लॉक) पीसीसी रोड-पूरा किया गया

**निशात बाग हट का नवीकरण, फाउंटेन कार्य एवं फुटपाथ का कार्य प्रगति पर - किशनगंगा पावर स्टेशन**







**गुलशन चौक, बांदीपोरा (जम्मू-कश्मीर) में फाउंटेन का कार्य प्रगति पर - किशनगंगा पावर स्टेशन**





चक, बांदीपोरा (जम्मू-कश्मीर) में फुटपाथ का कार्य प्रगति पर - किशनगंगा पावर स्टेशन



मंत्रीग्राम में फेंसिंग का कार्य और चक, बांदीपोरा (जम्मू-कश्मीर) में पुलिया का कार्य - किशनगंगा पावर स्टेशन










लेह में छात्रों को शीतकालीन ट्यूशन प्रदान करना





लोकतक में शीतकालीन कोचिंग शिविर/निःशुल्क ट्यूशन



करमठ गांव, जिला दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) में पेयजल आपूर्ति का प्रावधान






*खाद्य प्रसंस्करण संयंत्र (आजीविका संवर्धन योजना) - लेह*





**निर्माण कार्यः**



*ब्लॉक - शाहपुर, ग्राम - धवरी भीममापट्टी*



*ब्लॉक - शाहपुर, ग्राम - धवरी बहरोनपुर*



*स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), रोंगचोंग एरिया क्लस्टर, रोंगचोंग ग्राम पंचायत, रंगली रंगलोत तकदह ब्लॉक में किचन व फेंसिंग*



*टीएलडीपी-IV परियोजना के अंतर्गत कृषि खाद प्रोत्साहन और अन्य जैव संबंधी प्रोत्साहनों के द्वारा पॉलीग्रीन हाउस की स्थापना के साथ जैव कृषि, पुष्प कृषि और जैव संबंधी कृषि पर कार्यशाला करके क्षेत्रों में ऑर्गेनिक लेजिटेशन और फ्लोरिकल्चर का विकास*




*एनएच-10 से रामबी प्लेग्राउंड तक पहुँच सड़क/मार्ग का निर्माण - टीएलडीपी - III पावर स्टेशन*





हथीन ब्लॉक, पलवल (हरियाणा) में सेनेटरी नैपकिन की निर्माण यूनिट की स्थापना






नूंह (हरियाणा) में मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता सुधार संबंधी एक आजीविका संवर्धन सीएसआर पहल





**ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) की तैनाती - 'स्पंदन'**

- स्पंदन, जो दिनांक 25 फरवरी, 2016 को शुरू किया गया एक हेल्थकेयर आउटरीच कार्यक्रम है।
- पीएसएमआरआई (पीरामल स्वास्थ्य प्रबंधन और अनुसंधान संस्थान एक कार्यान्वयन भागीदार के रूप में) के माध्यम से असम राज्य में धेमाजी, लखीमपुर, माजुली, बिश्वनाथ और सोनितपुर जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में 20 मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) वैन तैनात की गईं।
- वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, धेमाजी, लखीमपुर और माजुली के लिए 10 एमएमयू तैनात किए गए। इसके लाभार्थी लगभग 7 लाख हैं।

**ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की सुविधाओं का प्रावधान - 'कलश'**

- यह परियोजना वित्तीय वर्ष 2015-16 में शुरू की गई थी।
- असम राज्य के धेमाजी, लखीमपुर, विश्वनाथ और माजुली जिलों में सार्वजनिक क्षेत्रों, सामुदायिक केंद्रों आदि में स्थल की आवश्यकता के अनुसार बोरवेल, फिल्ट्रेशन के साथ स्वच्छ पेयजल की सुविधाएं प्रदान के लिए योजना के कार्यान्वयन हेतु स्थानीय निकायों/प्रबंधन समितियों के साथ 1620 स्थानों हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- सभी 1620 स्थानों पर कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके लाभार्थियों की संख्या लगभग 10 लाख है।

**आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) आधारित पेयजल एवं स्वच्छता परिसर का प्रावधान**

- दस स्थानों पर दैनिक आधार पर लगभग 300-400 परिवारों के लिए 1000 एलपीएच का आरओ संयंत्र। यह योजना वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान अनुमोदित की गई थी।
- इस सुविधा में स्वच्छता परिसर और आरओ संयंत्र है।
- असम और अरुणाचल प्रदेश राज्य में विभिन्न स्थानों पर 10 आरओ-एवं-स्वच्छता परिसरों का निर्माण पूरा कर लिया गया है।

**ग्रामीण विकास**

- मार्गों, आरसीसी पुलों, नालों, वर्षा शेल्टरों, सामुदायिक हॉलों, शवदाह गृह शेडों, कब्रिस्तान यार्डों आदि का निर्माण/सुधार

- जिला लेह, जम्मू और कश्मीर में ग्राम अलची और खलत्सी में दो खाद्य प्रसंस्करण यूनिटों की स्थापना।
- अलची गांव, लेह, जम्मू और कश्मीर में बस्तियों का विद्युतीकरण।
- किशनगंगा परियोजना, बांदीपोरा, जम्मू और कश्मीर के परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में कृषि और मधुमक्खी पालन का विकास।

**एकीकृत कृषि प्रणाली**

- लोकतक पावर स्टेशन ने किसानों के लिए बैच में 5 दिवसीय एकीकृत कृषि प्रणाली कार्यक्रम आयोजित किए। एक बैच मीडियम लो लैंड वैली स्थिति के लिए और दूसरा अप लैंड और फुटहिल क्षेत्रों के लिए, कृषि विज्ञान केंद्र, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), इंफाल के सहयोग से। प्रशिक्षित किए गए किसानों ने सब्जी, मछली, फलों, ऑयल सीड की अच्छी मात्रा में फसल प्राप्त की।

**स्वास्थ्य**

- सरकारी अस्पतालों के लिए एम्बुलेंस, अवसंरचना सहायता तथा वर्ष भर स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों का आयोजन करना, चिकित्सा उपकरणों का वितरण करना। एनएचपीसी ने उरी-I, बारामुला में विभिन्न दिव्यांगों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ-साथ सहायता और सहायक उपकरण प्रदान करना शुरू किया।

**स्वच्छ भारत अभियान**

- अनेक सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता क्रियाकलापों की शुरूआत की गई और ग्रामों, बाजार स्थलों तथा सार्वजनिक क्षेत्रों में शौचालय सुविधाओं के स्वच्छता संबंधी निर्माण कार्य और स्कूलों में जल आपूर्ति लाइनों की स्थापना द्वारा कूड़ा हटाने के लिए कचरा पेटियों, यूटिलिटी वैन प्रदान करना और सार्वजनिक स्थानों पर सौंदर्यीकरण कार्य करना।

## सीएसआर एवं एसडी क्रियाकलापों की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट

| **क्रम सं.** | **परियोजना/ पीएस/यूनिट** | **क्षेत्र** | **क्रियाकलापों/पहलों का विवरण** | **व्यय (लाख)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **क्षेत्रीय कार्यालय - जम्मू** | आरक्षित निधि | निरंतर क्रियाकलापों और तत्काल अपेक्षित नई परियोजना सीएसआर क्रियाकलापों के किसी व्यय विचलन के लिए आरक्षित निधि | |
| | | | **कुल (क्षेत्रीय कार्यालय - जम्मू)** | **0.00** |
| 2 | **सलाल** | सफाई एवं स्वच्छता | चिकित्सा शिविरों का आयोजन | 2.26 |
| | | | रेड क्रॉस सोसाइटी के लिए एक बहुप्रयोजनीय वाहन तथा विगत अनुष्ठानों/अंत्येष्टि समारोह के लिए शवों को ले जाने के लिए एक वाहन प्रदान करना। | 14.72 |
| | | ग्रामीण विकास | सार्वजनिक यूटिलिटी स्थल कब्र-ए-स्थान का विस्तार, संरक्षण और नवीकरण | 12.93 |
| | | | ग्राम-मारी में सलाल पावर स्टेशन द्वारा निर्मित सामुदायिक हॉल की चारदीवारी का निर्माण। | 9.34 |
| | | | 03 स्थानों अर्थात चौंत्रा नाला, पीटी ठकरकोट, सोमद नाला, पीटी ठकराकोट और ममनकोट ब्लॉक चासाना में फुट ब्रिज का निर्माण | 20.00 |
| | | खेल-कूद | जम्मू-कश्मीर राज्य के पुराने और प्रसिद्ध ग्रामीण खेलों अर्थात 'कुश्ती/दंगल' का प्रभाव बनाए रखने के लिए ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देना | 1.10 |
| | | कला एवं संस्कृति | स्थानीय कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देना। | 0.50 |
| | | | **कुल (सलाल)** | **60.85** |
| 3 | **दुलहस्ती** | शिक्षा | आईटीआई: ट्रेडों के उन्नयन के लिए कौशल और अन्य विकास कार्य | 1.12 |
| | | | सरकारी उच्च विद्यालय डुमना, दूल में प्रथम तल एवं सीढ़ियों पर दो कमरों का निर्माण | 4.62 |
| | | | शिक्षण स्टाफ और छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करने के लिए किश्तवाड़ शिक्षा जोन हेतु अवसंरचना सुविधाओं के विस्तार हेतु एक कंप्यूटर लैब की स्थापना | 9.04 |
| | | सफाई एवं स्वच्छता | चिकित्सा शिविरों का आयोजन | 7.45 |
| | | स्वच्छ भारत अभियान | चौगान ग्राउंड किश्तवाड़ का अंगीकरण एवं विकास रख-रखाव करना तथा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत क्रियाकलाप करना | 10.09 |
| | | | ग्राम वानी, त्रिगाम में सामुदायिक शौचालय परिसर का निर्माण | 0.18 |

| क्रम सं. | परियोजना/ पीएस/यूनिट | क्षेत्र | क्रियाकलापों/पहलों का विवरण | व्यय (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| | | स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ भारत अभियान क्रियाकलापों को किश्तवाड़ में आयोजित स्थानीय त्योहारों जैसे मचैल देवी माता यात्रा और उर्स समारोह आदि के दौरान कार्यान्वित किया गया। | 1.99 |
| | | खेल-कूद | ग्रामीण और राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त खेलों का संवर्धन। (कंपनी अधिनियम की अनुसूची VII के अनुसार प्रशिक्षण।) | 1.38 |
| | | कला एवं संस्कृति | स्थानीय कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देना | 0.94 |
| | | | **कुल (दुलहस्ती)** | **36.81** |
| **4** | **उरी-I** | स्वच्छ भारत अभियान | जामिया मस्जिद उस्मान, गिंगले के समीप शौचालय परिसर का निर्माण | 2.73 |
| | | | जामिया मस्जिद उस्मान, गिंगले के समीप नाले का उन्नयन और नवीकरण | 1.55 |
| | | सफाई एवं स्वच्छता | चिकित्सा शिविरों का आयोजन | 3.68 |
| | | | बारामुला जिले में विभिन्न अस्पतालों के उन्नयन के लिए विभिन्न चिकित्सा उपकरण (डायगोनोस्टिक और ओटी) प्रदान करना | 0.62 |
| | | | **कुल (उरी-I)** | **8.58** |
| **5** | **उरी-II** | स्वच्छ विद्यालय अभियान | स्कूलों में शौचालयों का निर्माण | 1.72 |
| | | सफाई एवं स्वच्छता | चिकित्सा शिविरों का आयोजन | 5.93 |
| | | | कलगाई गांव में जलापूर्ति लाइनों के लिए जल आपूर्ति पाइप एवं अन्य सहायक सामान प्रदान करना | 2.77 |
| | | | एनएच-1ए, दरद कोट ग्राम में पॉट हेड के समीप पैसेंजर शेड का निर्माण। | 1.52 |
| | | | सलामाबाद उच्च विद्यालय भवन के प्रथम तल पर रेलिंग प्रदान करना एवं लगाना तथा अन्य विविध सिविल कार्य | 2.92 |
| | | | **कुल (उरी-II)** | **14.86** |

| क्रम सं. | परियोजना/ पीएस/यूनिट | क्षेत्र | क्रियाकलापों/पहलों का विवरण | व्यय (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 6 | **किशनगंगा** | शिक्षा | एचएस वानपोरा, गुरेज़ में सहायक उपकरण के साथ कंप्यूटर लैब सहित डिजिटल स्मार्ट क्लास रूम की स्थापना | 3.27 |
| | | स्वच्छ भारत अभियान | बांदीपोरा में गुलशन चौक का विकास। (कुल परियोजना लागत = 101.78 लाख रुपये) | 90.64 |
| | | | बांदीपोरा निशात गार्डन का विकास। (कुल परियोजना लागत = 203.00 लाख रुपये) | |
| | | | स्थानीय समुदाय में सफाई, स्वच्छता जैसे स्वच्छ भारत अभियान क्रियाकलाप | |
| | | सफाई एवं स्वच्छता | चिकित्सा शिविरों का आयोजन | 17.55 |
| | | | जीवन के खतरे वाली बीमारियों के मरीजों और दिव्यांगजनों का उपचार | |
| | | ग्रामीण विकास | करालपोरा में सामुदायिक स्थानों की फेंसिंग | 38.63 |
| | | | मंत्रीगाम में सामुदायिक स्थानों की फेंसिंग | |
| | | | जामिया मस्जिद से मंत्रीगाम तक संपर्क सड़क | |
| | | | गांव चेक में फुटपाथ नेटवर्क उपलब्ध कराना | |
| | | | गुरेज़ के लिए पांच (05) वर्षीय रखरखाव के साथ 10 हाई मस्ट सोलर लाइट (4x40 वाट) की स्थापना | |
| | | | चेक ग्राम, बांदीपोरा (जम्मू-कश्मीर) में 2/3 पुलियों का निर्माण और जलापूर्ति लाइन की मरम्मत/विस्तार | |
| | | | ग्राम करालपोरा, चेक, मंत्रीग्राम, चंदाजी और गुरेज के समीप कुलों, पुलियों और फुटपाथों की मरम्मत, बहाली और सफाई | |
| | | पर्यावरण | परियोजना तक जाने वाली पहुँच सड़कों की सोलर स्ट्रीट लाइटिंग। (कुल परियोजना लागत = 165.57 लाख रुपये) | 11.57 |
| | | | चेक ग्राम, बांदीपोरा (जम्मू-कश्मीर) में सोलर स्ट्रीट लाइट | |
| | | | "प्रदूषण उपशमन वृक्षारोपण अभियान (पीएपीए)" के अंतर्गत वृक्षारोपण | |
| | | कला एवं संस्कृति | स्थानीय खेलों, कला एवं संस्कृति के लिए प्रशिक्षण और सामग्री के माध्यम से सुदृढ़ीकरण | 2.00 |
| | | खेल-कूद | समीपवर्ती गांवों के लिए खेलों का प्रशिक्षण | 3.00 |
| | | | **कुल (किशनगंगा)** | **166.66** |

